योजना मंच

छात्राओं अथवा प्रत्येक नागरिक के जीवन में अर्थ, वित्त एवं इनसे सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी होना निश्चित रूप से आवश्यक हो जाता है। अतः आर्थिक एवं वित्तीय विषयों की महत्वपूर्ण जानकारी रहना एवं समय समय पर अद्यतन (अपडेट) होकर सदुपयोग करते रहना योजना मंच के गठन की अनिवार्यता को सिद्ध करता है।

समिति प्रभारी डॉ. अशोक सोनी एवं समिति सदस्यों डॉ. नगेन्द्र श्रीमाली एवं डॉ. किरण मीणा के सहयोग से सत्र 2022–23 में योजना मंच के तत्त्वावधान में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिनांक 21.09.2022 को इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के सहयोग से वित्तीय जागरूकता एवं धोखाधड़ी विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसके द्वारा छात्राओं को ऑनलाइन एवं वित्तीय धोखाधड़ी की जानकारी दे कर सतर्कतापूर्ण व्यवहार की सलाह दी गई। दिनांक 16 नवम्बर को ''आर्थिक मंदी की आहट'' विषय पर एक समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। 14.12.2022 को विभिन्न समसामयिक आर्थिक मुद्दों पर परस्पर संवादात्मक सत्र (प्दजमतंबजपअम ैमेपवद) का आयोजन किया गया। दिनांक 12 फरवरी 2023 को बजट परिचर्चा की गई। इस प्रकार सत्र पर्यन्त योजना मंच के तहत छात्राओं के साथ विवेकपूर्ण रूप से संवाद बनाए रखा गया।